# बांग्लादेश में हो रही हिंसा का विरोध, हिंदू समाज का फूटा गुस्सा



बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रही हिंसा के खिलाफ जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के पदाधिकारी।

**राजसमंद, ०(निसं)।** बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार और हिंसा घटनाओं के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय पर सर्व हिन्दू समाज ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपकर अमानवीय अत्याचार रुकवाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि पडोसी देश बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां निवास कर रहे अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। हत्याएं की जा रही है। जगह-जगह हिंदुओं के घरों व दुकानों सहित धार्मिक स्थलों पर आगजनी की जा रही है। महिलाओं के साथ अमानवीय अत्याचार किए जा रहे

**■ प्रदर्शन कर पीएम के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

है। वहां की सरकार ऐसे सब हमलों को रोकने में असफल साबित हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बाग्लादेश की सरकार और वहां की पुलिस भी इस्लामिक कट्टरपंथियों के दबाव में कार्य कर रही है। अल्पसंख्यक समाज के खिलाफ हो रहे अत्याचार का विरोध करने वाले लोगो को झूठे मुकदमे बनाकर गिरफ्तार किया जा रहा है।

वहां अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर लूटा व जलाया जा रहा है। बांग्लादेश के घटनाक्रम को लेकर अप्रत्यक्ष व प्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप कर वहां के अल्पसंख्यक समुदाय व उनकी सम्पति सहित धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कराई जाएं। हिंसक भीड द्वारा लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं और महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है। पडोसी मुल्क में हो रही अमानवीय घटनाओं को रोकने के लिए प्रधानमंत्री को कडा संदेश देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अल्पसंख्यकों के मानवाधिकार हनन रोकने की दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान बडी संख्या में हिन्दू समाज के लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### दो दिवसीय कार्यशाला का आगाज

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग की ओर चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वास्कुलर और रक्त वाहिकाएं (एनास्टोमोसिस) को जोडने की तकनीक पर आयोजित विशेष कार्यशाला का उद्घाटन आज पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन राहुल अठावाल,प्रेसीडेंट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस. परिहार,सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एच.पी. गुप्ता और वास्कुलर सर्जन डॉ.गौरव सिंघल ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया। 5 दिसम्बर तक आयोजित इस दो दिवसीय का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों और सर्जनों को एनास्टोमोसिस की नवीनतम तकनीकों और उनकी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। उद्घाटन के इस अवसर पर पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट डॉ.एम.एम.मंगल ने कहा कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों को सर्जरी में उपयोग होने वाले उपकरणों और तकनीकों की समझ को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी। आयोजन सचिव डॉ.गौरव सिंघल ने बताया कि कार्यशाला में अनुभवी सर्जनों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को रक्त वाहिकाओं और आंतों को जोड़ने की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सर्जिकल कौशल में सुधार और जटिल सर्जरी के दौरान आवश्यक सटीकता को बढ़ाना था। जिससे युवा सर्जन अपने कौशल को और बेहतर बना सकें। यह कार्यशाला सर्जरी के क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने और उनमें विशेषज्ञता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अंग्रेजी शराब भरी पिकअप जब्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** आबकारी आयुक्त राजस्थान उदयपुर के निर्देशन में शराब तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए नरेश सुहेल आबकारी निरीक्षक वृत्त डूंगरपुर ने बुधवार को डूंगरपुर-सीमलवाडा मार्ग पर मुखबिर की सूचना मिलने पर सुबह लगभग 5.15 बजे नाकाबन्दी लगाई। जिसमें एक पिकअप में गेहूं के भुसे की आड में छुपाकर ले जाये जा रही हरियाणा निर्मित अंठोजी शराब के 121 कार्टूनों को पिकअप सहित जब्त कर वाहन चालक साहिल खान पिता हाफिज खान निवासी बिछीवाडा पुलिस थाना फलासिया जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया गया। वाहन चालक साहिल खान को पुलिस कस्टडी के लिए न्यायालय में पेश किया जायेगा। कार्यवाही में जमादार कान्तिलाल, नरेन्द्र शर्मा, अरविन्द सिंह, नरेश होमगार्ड शामिल रहे।

### सात ऑटो ट्रिपर व ई रिक्शा का शुभारंभ

**कपासन, (निसं)।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण करने के लिए 7 ऑटो ट्रिपर और एक ई रिक्शा का बुधवार सुबह शुभारंभ किया। अब यह व्यवस्था कांटेक्ट बेस पर होगी। पूर्व में मात्र तीन ऑटो ट्रिपर ही थे। जिससे कचरा संठाहण व्यवस्था नहीं बैठ पा रही थी। नगर पालिका के जेईएन खेमराज सिंह गुर्जर ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र में घर घर कचरा संठाहण करने के लिए 7 ऑटो ट्रिपर ओर एक ई रिक्शा का आज शुभारंभकिया। नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सिरोया, नपा उपाध्यक्ष ऐजाज अली, जीएसएस अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर, पार्षद अशोक विजयवर्गी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष विकास बारेगामा, गौरव दाधीच, स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा कोदली, जमादार विजय कोदली आदि ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर हरि झंडी दिखा कर ऑटो टिपर को रवाना किया।

### युवक ने फांसी लगाई

**उदयपुर, (कासं)।** दोपहर को घर में अकेले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विश्वजीत सिंह (26) पुत्र अमरसिंह निवासी विजयसिंह पथिक नगर सविना जो मंगलवार को घर पर अकेला था और युवक ने दोपहर को घर में ही फांसी लगा ली। शाम को परिजन आए तो इसे लटका देखकर तत्काल उतार चिकित्सालय लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सविना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** परीक्षा देने आए एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संजय (24) पुत्र रमणलाल नट निवासी कानेला आनंदपुरी बांसवाडा जो उदयपुर में पशु विभाग की भर्ती परीक्षा देने आया था और उदयपुर में ही अपने कुछ अन्य दोस्तों के साथ दो-तीन दिन से सविना में रह रहा था। यह युवक मंगलवार शाम को जडाव नर्सरी के सामने रेल्वे ट्रेक पर था। इस दौरान यह ट्रेन की चपेट में आ गया। सविना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### परीक्षा देने जा रहे युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** परीक्षा देने जा रहे एक युवक की ऑटो की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुष्कर कुमार (19) पुत्र मुकेश डांगी निवासी सुलावास कुराबड हाल सुदंरवास में रहकर मैकेनिक का काम करता था और पढाई भी कर रहा था। यह मंगलवार को मादडी में पशु पालन विभाग की भर्ती परीक्षा देने जा रहा था। इस दौरान आकाशवाणी कॉलोनी के पास में इसे एक ऑटो ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और चिकित्सालय ले जाते समय मौत हो गई।

## समीक्षा बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। बैठक में जिला कलक्टर पोसवाल ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों को पहली प्राथमिकता दी जाए। जिला कलक्टर ने बताया कि 9 दिसम्बर को राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट के क्रम में जिला स्तर पर भी कार्यक्रम होगा। इसके अलावा 12 दिसम्बर को सुबह फतहसागर की पाल पर रन फॉर विकसित राजस्थान मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

# फाइनेंसकर्मियों के साथ लूट की वारदात का खुलासा

**उदयपुर, (कासं)।** ग्रामीण क्षेत्रों से फाईनेंस की किश्ते का लाखों रूपया एकत्रित कर लाने वाले फाईनेंस कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर लाखों रूपए लूटपाट करने में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अब तक 8 वारदातें करना स्वीकार किया है।

गोवर्धनविलास थानाधिकारी भवानी सिंह राजावत ने बताया कि थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार फाईनेंस कंपनियों के कलेक्शन कर लाने वाले कर्मचारियों के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटनाएं हो रही थी और बदमाश अब तक लाखों रूपए लूट चुके है। इस पर थानाधिकारी के नेतृत्व में एएसआई कालू लाल, प्रदीप कुमार, मनोहर सिंह, कांस्टेबल दिनेश सिंह, दिनेश कुमार, शैतान राम, सुरेन्द्र सिंह, अंकित सिंह, मोहन लाल, लोकेश रायकवाल की टीम ने जहां-जहां घटना हुई व जिस-जिस रूट से फाईनेंस कर्मचारी लोन की किश्त ईकट्ठा करते उस मार्ग के आस-पास करीब 50० सीसीटीवी कैमरे चैक किए। सारे रूट करीब 100 किलोमीटर में पडने वाले विभिन्न कम्पनियों के मोबाईल टावर से मोबाईल डेटा एकत्र कर उनका विश्लेषण किया। अलग-अलग क्षेत्रों व अलग-अलग तारीखों की घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर उनके फुटेज का मिलान किया। अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे बदमाशों के कद-काठी, हुलिया, वेशभूषा व घटना में प्रयुक्त वाहन के आधार पर जिले के पाटीया, पहाडा, डुंगरपुर के बिछीवाडा व सलुम्बर के परसाद थाने के कुछ संदिग्ध युवको को चिन्हीत किया।

# शिविर में 300 से अधिक लोगों ने करवाई जांचें

**उदयपुर, (कासं)।** शिक्षा के क्षेत्र मे कार्य कर रहे निजी विद्यालयों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार ने बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए जन जागृति लाने सुलभ निशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए गत दिनों संभाग के बडे मेडीकल कॉलेज पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज, उमरडा के साथ अनुबन्ध किया था। इसके अन्तर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भटेवर स्थित लव-कुश बाल मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया गया।

स्कूल शिक्षा परिवार उदयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिलीपकुमार आमेटा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ पिम्स हॉस्पीटल उमरडा के विशेषज्ञ डॉ. प्रीति मल्होत्रा, डॉ. चांद, डॉ. आयुषी, डॉ. करिना, डॉ. मेहुल सुथार, डॉ. योषा, डॉ. सुरेन्द्र दशोरा, डॉ. अदिति, डॉ. नेहा, कैम्प लीडर नरेन्द्र पाठक, स्कूल शिक्षा परिवार के संभाग प्रभारी सी.पी. रावल, संभाग अध्यक्ष गिरीश जोशी, चिकित्सा शिविर संयोजक एवं जिला समन्वयक अनुभव गौड, लव-कुश विद्यालय व्यवस्थापिका महिमा आमेटा, भीण्डर ब्लॉक अध्यक्ष कुशालसिंह शक्तावत, ब्लॉक प्रभारी अनिल स्वर्णकार, वल्लभनगर ब्लॉक प्रभारी कुन्दनसिंह शक्तावत, भव्येश गाँधी, राजमल पाटीदार की उपस्थिति मे किया गया।

# संविदा कार्मिकों ने अनुभव प्रमाण पत्र नहीं देने व पोर्टल बंद होने से धरना प्रदर्शन किया


संविदा कार्मिकों ने नियुक्त अधिकारी द्वारा समय पर अनुभव प्रमाण पत्र समय पर नहीं देने व पोर्टल बंद हो जाने से पालिका के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

**कानोड़, (निसं)।** नगर पालिका के बाहर बुधवार बीते करीब दो वर्षो से संविदा पर कार्य कर रहे कार्मिकों ने नियुक्त अधिकारी द्वारा समय पर अनुभव प्रमाण पत्र समय पर नहीं देने व पोर्टल बंद हो जाने से गुस्सा होकर पालिका के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

धरने प्रदर्शन की जानकारी पाकर अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी व भींडर तहसीलदार सतीश चंद्र पाटीदार नगर पालिका कार्यालय पहुंचे तो पालिका के बाहर जाजम डालकर धरना दे रहे संविदा कर्मचारी तहसीलदार की गाडी के आगे बैठ गए और कर्मचारियों की भर्ती निरस्त करने की मांग करने लगे, कार्मिकों का कहना था कि वह करीब 2 वर्ष से नगर पालिका में संविदा कार्मिक के रूप में कार्य कर रहे हैं, बीते 8 माह से मानदेय भी नहीं दिया जा रहा है , जिससे उनके परिवार का भरण पोषण भी मुश्किल हो गया है, कार्मिकों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र तारीख निकलने के बाद जारी किए गए और भार्ती भी निकाल दी, 27 तारीख को आखिरी दिनांक था अब पोर्टल भी बंद हो चुका है, जिससे उनके साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया गया , एक भी अनुभव प्रमाण पत्र का रिकॉर्ड आगे नहीं भेजा गया जिससे वह भविष्य में किसी भर्ती में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। कार्मिकों की बात को पुख्ता रूप से रखने के लिए नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, भींडर पंचायत समिति पूर्व प्रधान करण सिंह कोठारी, , बजरंग सेना प्रमुख बजरंगदास वैष्णव, पार्षद गोपाल खटीक ने भी इस बात को पूरजोर से उठाते हुए स्थानीय वाल्मीकि समाज के लोगों को सफाई कार्मिक भर्ती में शामिल करने और पालिका द्वारा किए गए कार्मिकों के चयन को निरस्त करने की मांग की है। देखते ही देखते काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और स्थानीय अधिकारी की कार्यशैली का विरोध जताने लगे।लोगों का कहना था कि अतिरिक्त दिशा से अधिकारी व तहसीलदार सतीश चंद्र पाटीदार नगर पालिका से बकाया बिल भुगतान का पैसा मांगने पर उन पर कार्रवाई करने की धमकी दे रहे है , मानमल मेहता व अनिल मेहता ने बताया कि उनकी स्टेशनरी की दुकान है जिसका बीते लंबे समय से बिल बकाया होने से उन्होंने नगर पालिका को सामग्री देना बंद कर दिया जब उन्होंने नगर पालिका से बिल का पैसा मांगा तो उन्हें अतिरिक्त ईओ सतीश चंद्र पाटीदार ने कहा कि तुम नगर पालिका को सामग्री दो नहीं तो तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई होगी दुकान एठीकल्चर में बनी है सीज की जाएगी, यह सुनकर मौके पर मौजूद काफी गुस्सा हो गए और अधिशासी अधिकारी के चेंबर में जाकर विरोध जताया।

अधिकारी के चेंबर में पहुंचे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित नगर वासियों ने अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी सतीश चंद्र पाटीदार को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि आप जनता के सेवक हैं , संवेदनशील होकर जवाब देना पडेगा एक गरीब बैंड वाला जिसने पालीका के कार्यक्रम में बेंड बजाया उसे आप यह जवाब दे रहे हो कि मेरे घर पर बेंड बजाया क्या ? आपको भुगतान करने में क्या दिक्कत है , स्टेशनरी का पैसा मांगने पर उसकी दुकान सेट करने की धमकी दी जा रही है, आपने इस तरह का कोई जवाब किसी को दिया तो आंदोलन किया जाएगा, छोटे-छोटे बिलों के भूगतान लिए लोग हर रोज नगर पालिका के चक्कर लगा रहे हैं, स्थानीय लोग अधिकारी से बोले की आपका व्यवहार अच्छा नहीं है, सुधारिए। मौके पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी सतीश चंद्र पाटीदार ने पालिका के बाद धरना प्रदर्शन कर रहे हैं कार्मिकों के अनुभव प्रमाण पत्र देखकर कहा कि इस पर मेरे हस्ताक्षर नहीं है, यह फर्जी हैं इसके लिए कार्रवाई कराऊंगा।

सतीश चंद्र पाटीदार, अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कानोड़ ने बताया कि मैंने कानोड़ नगर पालिका में कोई अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं किए, फर्जी साइन से अनुभव प्रमाण पत्र जारी करवा दिए, बेग डेट मैं कोई प्रमाण पत्र जारी नहीं होंगे, आज की फाइल ही चलेगी आगे पोर्टल खुलेगा तो ही जारी हो पाएंगे। व्यवहार में सामग्री देनी चाहिए सभी का भुगतान होगा , मैंने किसी को दुकान सीज करने की बात नहीं कहीं, लोगों की मनगढंत बातें हैं।

## सार-समाचार

### ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

**बांसवाड़ा, (निसं)।** मुख्य सचिव द्वारा जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के निर्देशों की अनुपालना में माह दिसम्बर में जिले में ठााम पंचायत स्तरीय, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर जनसुनवाई के आयोजन तय कर लिये गये हैं। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव द्वारा जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आाज गुरुवार को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर होगी जिसमें ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारीध्कर्मचारी, ठााम विकास अधिकारी, पटवारी, गिरदवर, जल संसाधन, पीएचईडी, विद्युत, पीडब्ल्यूडी एवं चिकित्सा विभाग की भागीदारी रहेगी। इसके नोडल अधिकारी संबंधित उपखंड अधिकारी रहेंगे जबकि पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग का जिम्मा चक्रीय क्रम में समस्त एसडीओ, टीडीआरएस, बीडियो तथा अन्य विभागों के चयनित अधिकारियों का रहेगा। इसमें संबंधित ठााम पंचायत के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसी प्रकार उपखंड स्तरीय जनसुनवाई 12 दिसम्बर को पंचायत समिति स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में होगी। इसके लिए इसमें उपखण्ड अधिकारी व समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा प्रमुख विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी की चक्रीय क्रम में भागीदारी रहेगी।

### युवक को ऑटो ने मारी टक्कर, मौत

**उदयपुर,(कासं)।** अपने नाना के घर जा रहे एक युवक को ऑटो ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रमेश (21) पुत्र लालूराम गमेती निवासी प्रतापपुरा अम्बेरी सुखेर जो 25 नवम्बर दोपहर को बाईक पर लखावली में अपने नाना के घर जा रहा था। इस दौरान लाखावली के पास में ही इसे एक ऑटो ने टक्कर मार दी, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया और एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड दिया। सूचना पर सुखेर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### बाल विवाह मुक्त रैली निकाली

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खजुरिया ठााम पंचायत रघुनाथपुरा ब्लॉक दोवडा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय में बाल विवाह मुक्त रैली तथा जानकारी प्रदान की गई। सृष्टि फाऊंडेशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमलेश यादव जयपुर, विद्यालय के संस्थाप्रधान कांतिलाल कटारा, स्टाफ सतीश अहारी, ममता डोडा, मोतीलाल कटारा, हरिश कोटडिय़ा, नाथूलाल कलासुआ, प्रेमचंद मीना, रजनी परमार, मंजुला मीना, रेखा पाटीदार वर्षा यादव उपस्थित रहें।अधिकारी सम्मिलित होंगे।


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

क्रमांक/न.पा.ना./तामीर/2024/13505 दिनांक :31/12/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम /पता | आवेदिक सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती हरिबाला सांचिहर पत्नी श्री चन्द्रकान्त सांचिहर | वल्लभ विहार आवासीय कॉलोनी बिच्छु मंगरी नाथद्वारा,भूखण्ड संख्या 57 | आम रास्ता 40 फिट फिट चौडा | भूखण्ड संख्या-56 | भूखण्ड संख्या-58 | 60 फिट रोड |
| 2 | श्रीमती हरिबाला सांचिहर पत्नी श्री चन्द्रकान्त सांचिहर | वल्लभ विहार आवासीय कॉलोनी बिच्छु मंगरी नाथद्वारा,भूखण्ड संख्या 56 | भूखण्ड संख्या-57 | आम रास्ता 30 फिट चौड़ा | भूखण्ड संख्या-55 | 60 फिट रोड |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा



SRG HOUSING FINANCE LIMITED

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

CIN: L65922RJ1999PLC015440

321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)

दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए "मांग पत्र" जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का सांकेतिक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे **सांकेतिक कब्ज़ा** पत्र में वर्णित रकम, और सांकेतिक कब्ज़ा पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चों, अन्य खर्चों आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा। अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ऋणी/सहऋणी/जमानती | 1) मांग पत्र की दिनांक<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR00000000011454<br>श्री अमर चंद कुम्हार पुत्र शंकर लाल कुम्हार (ऋणी)<br>श्रीमती ममता कुम्हार पत्नी अमर चंद कुम्हार (सह-ऋणी-1)<br>श्री शंकर लाल पुत्र हीरा लाल कुम्हार (सह-ऋणी-2)<br>श्री विष्णु कुमार प्रजापत पुत्र राजाराम (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- जून 21, 2024<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 29, 2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 3,05,660/- रुपये तीन लाख पांच हज़ार छह सौ साठ मात्र दिनांक जून 21, 2024 तक एवं जून 22, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री शंकर लाल पुत्र हीरा लाल कुम्हार की सम्पति जो की पट्टा नं. - 003, पुस्तक संख्या- 172, ग्राम- सेगवा, ग्राम पंचायत- गादोला तहसील- निम्बाहेड़ा, जिला- चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1600 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-रास्ता, पश्चिम-रास्ता, उत्तर-हेमराज/हीरालाल प्रजापत, दक्षिण-मोहन/ नारायण प्रजापत |
| 2. | HLR00000000016021<br>श्री राजू नाथ पुत्र श्री रामनाथ (ऋणी)<br>श्रीमती रेशमा बाई पत्नी श्री राजू नाथ (सह-ऋणी)<br>श्री दिनेश नाथ पुत्र श्री सूरजमल (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- जुलाई 15, 2024<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 29, 2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 3,18,930/- रुपये तीन लाख अठारह हज़ार नो सौ तीस मात्र दिनांक जुलाई 15, 2024 तक एवं जुलाई 16, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमती रेशमा बाई पत्नी श्री राजू नाथ कालबेलिया की सम्पति जो की पट्टा नं. -44, आराजी नं.-329, ग्राम-सेगवा, पंचायत समिति-गादोला, तहसील-निम्बाहेड़ा, जिला - चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 2070 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - श्री चांदमल पुत्र श्री भंवर लाल मीना, पश्चिम- स्वयं की जमीन या रास्ता, उत्तर- श्री राजेश पुत्र श्री छत्रु जी मीना, दक्षिण- श्रीमती विमला बाई पत्नी श्रीमान विक्रम नाथ |
| 3. | HLR00000000012548<br>श्री कन्हैया लाल जटिया पुत्र श्री गणपत जटिया (ऋणी)<br>श्री गणपत जटिया पुत्र श्री भेरू लाल जटिया (सह-ऋणी-1)<br>श्री गोरधन जटिया पुत्र श्री गणपत जटिया (सह-ऋणी-2)<br>श्री ममता बाई पत्नी श्रीमान कन्हैया लाल जटिया (सह-ऋणी-3)<br>श्री जगदीश माली पुत्र श्री पृथ्वी राज माली (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- दिसम्बर 11, 2023<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 29, 2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 6,25,530/- रुपये छह लाख पच्चीस हज़ार पांच सौ तीस मात्र दिनांक दिसम्बर 11, 2023 तक एवं दिसम्बर 12, 2023 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री गणपत जटिया पुत्र श्री भेरू लाल जटिया की सम्पति जो की संपत्ति पट्टा नं. -41, पुस्तक सं.-14, ग्राम-अरनिया माली, ग्राम पंचायत-बरदा, पंचायत समिति-निम्बाहेड़ा, तहसील-निम्बाहेड़ा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1660 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-भग्गा भील का घर, उत्तर-भेरू लाल माली का घर, दक्षिण - चंदू शर्मा का घर |
| 4. | HLR000000000011121<br>श्री अन्नू लाल गुर्जर पुत्र श्री जय लाल गुर्जर (ऋणी)<br>श्रीमती रामधनी गुर्जर पत्नी श्रीमान अन्नू लाल गुर्जर (सह-ऋणी-1)<br>श्री किशन लाल गुर्जर पुत्र श्री नारायण लाल (जमानती-1)<br>श्री धर्मराज नारायण पुत्र श्री नारायण (जमानती-2) | 1) मांग पत्र की दिनांक- अगस्त 09, 2024<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक-नवम्बर 30,2024<br>3) मांग राशि मांग प्त्र अनुसार- ₹ 10,24,560/- रुपये दस लाख चौबीस हज़ार पांच सौ साठ मात्र दिनांक अगस्त 09, 2024 तक एवं अगस्त 10, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री अन्नू लाल गुर्जर पुत्र श्री जय लाल गुर्जर की सम्पति जो की पट्टा नं.- 17, ग्राम-आरोली, ग्राम पंचायत अरोली, तहसील-बिजौलिया, जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1932 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- सड़क, पश्चिम-श्री जगदीश कंडारा का घर, उत्तर-श्री हीरा लाल गुर्जर की जमीन, दक्षिण-सड़क |
| 5 | HLR000000000014442<br>श्री दुर्गा लाल मीना पुत्र श्री रामलाल मीना (ऋणी)<br>श्री राम लाल पुत्र श्री अमारा (सह-ऋणी-1)<br>श्रीमती ममता देवी पत्नी श्रीमान दुर्गेश (सह-ऋणी-2)<br>श्री जगदीश मीना पुत्र श्री नन्द लाल मीना (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- अगस्त 02, 2024<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 30, 2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 5,14,340/- रुपये पांच लाख चौदह हज़ार तीन सौ चालीस मात्र दिनांक अगस्त 02, 2024 तक एवं अगस्त 03, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री राम लाल पुत्र श्री अमारा जी मीना की सम्पति जो की पट्टा नं.-1651, मिसल नं.-27/2054, ग्राम-गुधा, ग्राम पंचायत-गुधा, तहसील- बिजौलिया, जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1376 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-रास्ता 14 फुट, पश्चिम -गली 2 फुट और श्री किशन जी, उत्तर-बंसीलाल मीना, दक्षिण-पडत चौक और गोकल |
| 6 | HLR00000000016226<br>श्री कालू लाल रेगर पुत्र श्री भंवर लाल रेगर (ऋणी)<br>श्रीमती सीमा बाई पत्नी श्रीमान कालू लाल रेगर (सह-ऋणी-1)<br>श्री महेंद्र कुमार रामेश्वर लाल पुत्र श्री रामेश्वर लाल (जमानती-1)<br>श्री घीसा लाल मेघवाल पुत्र श्री भेरू लाल (जमानती-2) | 1) मांग पत्र की दिनांक- अगस्त 12, 2024<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 30,2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 11,71,400/- रुपये ग्यारह लाख इकहत्तर हज़ार चार सौ मात्र दिनांक अगस्त 12, 2024 तक एवं अगस्त 13, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री कालू लाल रेगर पुत्र श्री भंवर लाल रेगर की सम्पति जो की पट्टा नं. - 13, पुस्तक संख्या- 63, आराजी नं. - 688, ग्राम - रावर्दा, ग्राम पंचायत - रावर्दा, पंचायत समिति-बेगुन, तहसील-बेगुन, जिला-चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1593 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-मांगीलाल रेगर, पश्चिम- शंभू/ तुलसीराम, उत्तर-फतेह सिंह का खेत, दक्षिण - सामान्य रास्ता |
| 7 | HLR00000000012109<br>श्री राजू वैष्णव पुत्र श्री श्याम दास (ऋणी)<br>श्रीमती सुमित्रा वैष्णव पत्नी श्री राजू वैष्णव (सह-ऋणी)<br>श्री कल्याण सिंह पुत्र श्री सुखदेव हजूरी (जमानती-1)<br>श्री अक्षय कुमार पुत्र श्री गोपाल दास (जमानती-2) | 1) मांग पत्र की दिनांक- जून 11, 2024<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 30,2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 5,63,310/- रुपये पांच लाख तरेसठ हज़ार तीन सौ दस मात्र दिनांक जून 10, 2024 तक एवं जून 11, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री राजू वैष्णव पुत्र श्री श्याम दास की सम्पति जो की आराजी नं.-688, पट्टा नं. -15, ग्राम-रावर्दा, तहसील-बेगुन, जिला-चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 899 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-सड़क, पश्चिम-रावला भूमि, उत्तर- लाली/ रामेश्वर दास, दक्षिण - बालू दास/भंवर दास |
| 8 | HLR000000000012463<br>श्री हिम्मत लाल गुर्जर पुत्र श्री नाथू लाल गुर्जर (ऋणी)<br>श्रीमती केला बाई गुर्जर पत्नी श्रीमान नाथू लाल गुर्जर (सह-ऋणी)<br>श्री जीवन नायक पुत्र श्री शंभू लाल नायक (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- दिसम्बर 15, 2023<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 30,2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 4,75,580/- रुपये चार लाख पचहतर हज़ार पांच सौ अस्सी मात्र दिनांक दिसम्बर 11, 2023 तक एवं दिसम्बर 12, 2023 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री हिम्मत लाल गुर्जर पुत्र श्री नाथू लाल गुर्जर की सम्पति जो की पट्टा नं. - 23, पुस्तक संख्या- 85, ग्राम- हरिपुरा, ग्राम पंचायत- दौलतपुरा, पंचायत समिति-बेगुन, तहसील- बेगुन, जिला- चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1151.50 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-अपना बाड़ा, पश्चिम-रास्ता, उत्तर- रास्ता, दक्षिण-ओम प्रकाश |
| 9 | HLR00000000009198<br>श्रीमती सजना गुर्जर पत्नी श्रीमान हरजी लाल गुर्जर (ऋणी)<br>श्री हरजी गुर्जर पुत्र श्री बलदेव गुर्जर (सह-ऋणी)<br>श्री कैलाश चन्द्र बैरवा पुत्र श्री देवा बैरवा (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मई 20, 2024<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 30,2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 1,66,850/- रुपये एक लाख छासठ हज़ार आठ सौ पचास मात्र दिनांक मई 13, 2024 तक एवं मई 14, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमती सजना गुर्जर पत्नी श्रीमान हरजी लाल गुर्जर की सम्पति जो की पट्टा नं. -14, दिनांक - 10-08-2021, ग्राम- दोवनी, ग्राम पंचायत-जीवा का खेड़ा, पंचायत समिति-कोटड़ी, तहसील-कोटड़ी, जिला- भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमे भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1120 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-रास्ता, पश्चिम-भेरू/कजोड़ गुर्जर का बाड़ा, उत्तर-भंवर/कल्याण गुर्जर का घर, दक्षिण-भंवर/कल्याण का बाड़ा (नोहरा) |
| 10 | HLR00000000009892<br>श्री कैलाश जाट पुत्र श्री रामकुमार जाट (ऋणी)<br>श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री कैलाश जाट (सह-ऋणी)<br>श्री महावीर जाट पुत्र श्री भंवर लाल जाट (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मई 07, 2024<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- नवम्बर 30,2024<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 2,09,070/- रुपये दो लाख नो हज़ार सत्तर मात्र दिनांक अप्रैल 24, 2024 तक एवं अप्रैल 25, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री कैलाश जाट पुत्र श्री रामकुमार जाट की सम्पति जो की पट्टा नं. - 06, पुस्तक सं.-122, ग्राम-लामगरा, ग्राम पंचायत-लामगरा, पंचायत समिति- भिनाय, तहसील-भिनाय, जिला-अजमेर (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 75 वर्ग गज (675.00 वर्ग फीट) है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - मिश्री/गणेश जाट, पश्चिम - गोपाल सेन, उत्तर-सोरम/उगमा जाट, दक्षिण - रास्ता |

स्थान-राजस्थान

प्रकाशन की दिनांक- 05/12/2024

**अधिकृत अधिकारी**

एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

